प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का किया वितरण, रांची और बोकारो में भी आयोजित हुआ क्षेत्रीय कार्यक्रम।**
2. **केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रांची में की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक, जनजातीय क्षेत्रों के 20 हजार घरों में बिजली पहुंचाने की जतायी प्रतिबद्धता।**
3. **रामगढ़ में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे**
4. **सिंह ने किया नए प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन; सखी मंडलों के बीच बांटे अड़तीस लाख के चेक।**
5. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने एसआईआर को लेकर की समीक्षा बैठक; आज से चुनाव कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू, सोशल मीडिया की फर्जी खबरों पर रहेगी सख्त नजर।**

और

6. **देवघर एम्स की बड़ी उपलब्धि, संस्थान के कार्यकारी निदेशक समेत 9 डॉक्टरों को दुनिया के शीर्ष पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों की वैश्विक सूची में मिला स्थान।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत दो हजार चार सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम से पहलेयुवाओं से बातचीत भी की। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना उद्योग और युवाओं के बीच एक मजबूत सेतू है।

इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में भी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के क्षेत्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोकारो में भी कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां बतौर मुख्य अतिथि सांसद ढुल्लु महतो शामिल हुए।

****

केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज रांची में शहरी विकास और विद्युत योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार भी शामिल हुए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों के छूटे हुए बीस हजार घरों में बिजली पहुंचाना केंद्र की प्राथमिकता है।

वहीं, राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने झारखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं में शिथिलता बरतने और डीवीसी के साथ मिलकर बिजली वितरण सुधारने का आग्रह किया।

****

राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आज रामगढ़ प्रखंड विकास सह अंचल कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सखी मंडलों और महिला समूहों के बीच अड़तीस लाख रुपये के चेक वितरित किए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री ने जेएसएलपीएस की महिलाओं के कार्यों की सराहना की और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं में उनकी भागीदारी को रेखांकित किया।

****

भाकपा माले ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को वोट न देने के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में माले नेताओं ने कहा कि उनके दोनों विधायकों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया था।

****

राज्य में तीस जून से शुरू हो रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिला निर्वाचन और जनसंपर्क पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने भ्रामक और फर्जी खबरों पर चिंता जताते हुए सोशल मीडिया पर ऐसी सूचनाओं का तथ्यों के साथ तुरंत खंडन करने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने बताया कि एसआईआर के सुचारू संचालन के लिए आज से कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित अन्य अधिकारियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है।

****

रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एसआईआर कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में पार्टी के तमाम बड़े नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बताया कि बैठक में एसआईआर की बारीकियों पर चर्चा की गयी।

****

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान और वेबिनार का आयोजन किया गया। सीआईपीईटी रांची के निदेशक अवनीत कुमार जोशी ने एकल–उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अधिकारियों ने स्वच्छ और हरित भविष्य का संकल्प लिया।

****

रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच अब झारखंड एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड यानी एटीएस करेगी। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि आरोपियों के कुछ इंटरनेशनल लिंक मिले हैं।

****

एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक समेत नौ डॉक्टरों को दुनिया के शीर्ष पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। ग्लोबल साइंटिस्ट इंडेक्स की यह रैंकिंग ओपेनएलेक्स के वैश्विक शोध आंकड़ों पर आधारित है, जिसने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में संस्थान का गौरव बढ़ाया है।

****

मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने कल राज्य भर में आंशिक बादल छाए रहने और कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है, जबकि पलामू और गढ़वा में मौसम गर्म और उमस भरा रह सकता है।

*********समाप्त*********